# सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में नवप्रवेशित छात्रों के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित

पंतनगर। 9 सितम्बर 2025। विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के बी.एससी. (ऑनर्स) कम्युनिटी साइंस के नवप्रवेशित छात्रों के लिए सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में दीक्षारंभ (ओरिएंटेशन कार्यक्रम) का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अधिष्ठाता, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय डा. अल्का गोयल के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस ओरिएंटेशन कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को महाविद्यालय के विभिन्न विभागों, उनकी कार्यप्रणाली, पाठ्यक्रम, व्यावसायिक संभावनाओं और प्रशिक्षण के अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करना था, जिससे वे आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए मानसिक रूप से तैयार हो सकें। कार्यक्रम समन्वयक डा. छाया शुक्ला सह प्राध्यापक ने कहा कि नवागंतुक छात्र–छात्राओं को प्रथम वर्ष में ही एन ई पी 2020 के उद्देश्यों के अनुसार महाविद्यालय द्वारा ऑफर किये जा रहे पांच स्किल एनहैंसमेंट मोड्यूल में से किसी एक का चयन करना होता है जिसके लिए उन्हें इसके बारे में आवश्यक जानकारी होनी चाहिए। इस कार्यक्रम के द्वारा सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के पाँचों विभागों– मानव विकास एवं पारिवारिक अध्ययन विभाग, परिधान एवं वस्त्र विज्ञान विभाग, संसाधन प्रबंधन एवं उपभोक्ता विज्ञान विभाग, खाद्य एवं पोषण विज्ञान विभाग, विस्तार शिक्षा एवं संप्रेषण प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्षों ने अपने–अपने विभागों की विशेषताओं, शैक्षणिक गतिविधियों, प्रयोगशालाओं, प्रोजेक्ट कार्यों, और रोजगार के अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों को इंटर्नशिप और प्लेसमेंट की संभावनाओं से भी अवगत कराया गया। इस ओरिएंटेशन कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को एक सकारात्मक और प्रेरणादायक वातावरण प्रदान करना था, जिससे वे न केवल अकादमिक रूप से बल्कि सामाजिक व व्यावसायिक रूप से भी समृद्ध हो सकें। ओरिएंटेशन कार्यक्रम के अंतर्गत सभी विभागाध्यक्षों ने छात्रों को स्किल इनहान्समेंट कोर्स मॉडयूल की विस्तृत जानकारी दी। इस मॉड्यूल का उद्देश्य छात्रों को व्यावहारिक कौशल, तकनीकी दक्षता एवं रोजगारोन्मुखी ज्ञान प्रदान करना है। छात्रों को यह अवसर दिया गया कि वे अपनी रुचि और भविष्य की कैरियर योजना के अनुसार किसी एक विभाग (जैसे फूड एंड न्यूट्रिशन, ह्यूमन डेवलपमेंट, टेक्सटाइल एंड अपैरल डिज़ाइनिंग, रिसोर्स मैनेजमेंट या एक्सटेंशन एजुकेशन) का चयन करें। चयनित विभाग में छात्र को अगले दो वर्षों तक स्किल इनहान्समेंट कोर्स मॉडयूल के अंतर्गत प्रशिक्षण और परियोजनाओं पर कार्य करने का अवसर मिलेगा। इस व्यवस्था से छात्रों को किसी एक क्षेत्र में विशेषज्ञता प्राप्त होगी और वे आगे चलकर उद्यमिता, स्वरोज़गार या उच्च शिक्षा में बेहतर अवसर पा सकेंगे। विद्यार्थियों ने कहा कि इस ओरिएंटेशन कार्यक्रम  से उन्हें भविष्य में विभिन्न विभागों को चुनने में काफी सुविधा मिलेगी एवं यह ओरिएंटेशन कार्यक्रम उनके लिए काफी लाभकारी सिद्ध होगा।